दिनांक : 26.04.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मतदान जारी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश के छह संसदीय क्षेत्रों में 12 हजार 828 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान जारी है। मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक करीब चालीस प्रतिशत मतदान हो चुका है। सर्वाधिक मतदान होशंगाबाद में 45 दशमलव 71 प्रतिशत और सबसे कम रीवा में 31 दशमलव 85 प्रतिशत रहा है। इसके अलावा दमोह में 37 दशमलव 57, खजुराहो 37 दशमलव 89, सतना 40 दशमलव 83 और टीकमगढ़ में 40 दशमलव 21 फीसद मतदान हो चुका है।

होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र से प्रदेश सरकार में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नरसिंहपुर के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। रीवा में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचे और अपना वोट डाला। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज प्रदेश में वोटिंग के दौरान कई जगह ऐसे दृश्य सामने आए, जिनसे लोकतंत्र के प्रति आस्था और भी मजबूत हो जाती है। नर्मदापुरम लोकसभा सीट पर पचमढ़ी में नगर की सबसे बुजुर्ग महिला कस्तूरी शुक्ला मतदान के लिए पहुंची। उनकी आयु करीब 106 वर्ष है और कमर पूरी तरह झुक गई है। लेकिन उनका जज्बा था कि वो मतदान केंद्र में खुद चलकर अपना वोट डालने पहुंची।

वहीं टीकमगढ़ सीट पर निवाड़ी के वीर सागर गांव के राहुल यादव ने अपनी बरात में जाने से पहले एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाया व मतदान किया। दमोह के पथरिया विधानसभा में मतदान केंद्र पर दूल्हा एवं उनके परिजन बारात जाने से पूर्व मतदान के लिए उपस्थित हुए।

चुनाव अपील

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश के छह संसदीय क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मतदाताओं से मतदान के अधिकार का उपयोग करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि लोकतंत्र के पर्व चुनाव में मतदाता है सबसे महत्वपूर्ण है आज लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के तहत मतदान हो रहा है। उन्होंने सभी सम्मानित मतदाताओं से निवेदन किया कि वे मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपने दायित्वों का निर्वहन अवश्य करें।

चुनाव प्रचार

मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर है। केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह आज अशोकनगर एवं राजगढ लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओ को संबोधित कर रहे हैं।

श्री शाह ने आज गुना में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा। उन्होंने कहा की यह चुनाव तीन करोड़ माताओं को लखपति दीदी बनाने, चार करोड़ गरीबों के घर बनाने और 10 करोड़ परिवारों को बिजली बिल से मुक्ति दिलाने का है

वहीं, कांग्रेस की ओर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सांसद विवेक तंखा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव आज बुरहानपुर में प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया की वह बेरोजगारी और मंहगाई जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए विवादित विषयों को हवा दे रही है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज भोपाल में पत्रकार वार्ता कर पार्टी के घोषणा पत्र पर विस्तार से जानकारी दी।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

सर्वोच्च न्यायालय वीवीपीएटी

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल - वीवीपीएटी की पर्चियों के साथ इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन- ईवीएम के आंकडों के शत-प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायाधीश संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की एक पीठ ने सुनाया। हालांकि 18 अप्रैल को इन मामलों पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। निर्वाचन आयोग से पीठ द्वारा कुछ तकनीकी स्पष्टीकरण मांगे जाने के कारण 24 अप्रैल को इन मामलों को फिर सूचीबद्ध किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर विचार करते हुए आज फैसला सुनाया गया।

फैसले को लेकर न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि बैलेट पेपर से मतदान कराने और ईवीएम - वीवीपीएटी की पूर्ण जांच तथा वीवीपीएटी की पर्ची को मतदाताओं को देने की याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं।

मौसम

प्रदेश में एक तरफ जहां गर्मी रफ्तार पकड़ रही है, वहीं पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह पिछले 6 दिन से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, श्योपुरकलां, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा और सागर में ओले-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। राजधानी भोपाल के कई इलाको में आज सुबह हल्कि बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे में भोपाल, शाजापुर, बड़वानी, इंदौर और उज्जैन सहित कई जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, 27 अप्रैल को शाजापुर, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पांढुर्णा, छिंद वाड़ा, सिवनी, बालाघाट और मंडला जिलों में ऑरेंज अलर्ट है।